**खबर संक्षेप**

### समाजसेवियों ने लिया गौरैया संरक्षण का संकल्प

**छिन्दवाड़ा।** विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर शहर में समाजसेवियों द्वारा पक्षियों के संरक्षण के लिए विशेष पहल की गई। जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के तत्वावधान में स्थानीय पीजी कॉलेज परिसर में लगे पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे टांगे गए और उनमें पानी भरकर पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई। इस दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन, पक्षी विशेषज्ञ श्री विनोद तिवारी, श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, श्रीमती प्रीति महेश बंदेवार, श्री अमित बर्खानिया, श्री कामेश सूर्यवंशी, श्री चित्रेश डेहरिया, श्री हिमांशु ठाकुर, श्री अखिलेश बर्खानिया, श्री प्रतीक नागले सहित सीएमसीएलडीपी के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं और अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।

### जल स्रोतों के संरक्षण पर दिया गया जोर

**छिन्दवाड़ा।** शहर में जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज छोटा तालाब में "जल गंगा संवर्धन अभियान" का प्रतीकात्मक शुभारंभ किया गया। यह अभियान शासन के निर्देशानुसार शहर की सभी प्रमुख जलीय संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं सौंदर्यीकरण के लिए चलाया जा रहा है। राज्यव्यापी इस अभियान का समापन 30 जून को किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत तालाबों, कुओं एवं अन्य जल स्त्रोतों की व्यापक साफ-सफाई, गहरीकरण, गाद निकासी (डिसिल्टिंग) तथा उनके आसपास हरित वातावरण विकसित करने के लिए पौधरोपण की कार्यवाही की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोतों की क्षमता बढ़ाना, जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। अभियान के प्रथम दिन छोटा तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें तालाब में जमा कचरा एवं गाद हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए भी कार्य किए गए।

## ब्लैक में बिक रहे भारत, इंडेन और एचपी गैस के सिलेंडर

# जिले में गैस की कालाबाजारी तेज, उपभोक्ता परेशान, प्रशासन की अपील के बावजूद हालात काबू से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले में रसोई गैस की किल्लत और कालाबाजारी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। बुकिंग के बाद भी समय पर सिलेंडर न मिलने से आम उपभोक्ता परेशान हैं और उन्हें रोजमर्रा के कामों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जहां एक ओर प्रशासन लोगों से धैर्य रखने की अपील कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बाजार में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी खुलेआम जारी है।

सूत्रों के अनुसार, इंडेन गैस के सिलेंडर जहां निर्धारित कीमत से




काफी अधिक दर पर 1500 तक में बेचे जा रहे हैं, वहीं भारत गैस और एचपी गैस के सिलेंडर भी 1200 से 1500 के बीच ब्लैक में उपलब्ध हो रहे हैं। यह स्थिति तब है जब सरकार बार-बार यह दावा कर रही है कि गैस की आपूर्ति पर्याप्त है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। आम उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसियों और बिचौलियों के बीच मिलीभगत के चलते यह समस्या और विकराल होती जा रही है। कई जगहों पर यह भी शिकायत सामने आई है कि एजेंसी में काम करने वाले कुछ कर्मचारी ही कालाबाजारी में सहयोग कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल आपूर्ति की नहीं, बल्कि सिस्टम की पारदर्शिता और निगरानी की भी है।

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को गैस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। कई लोग मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने को विवश हैं। खासकर मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए यह स्थिति आर्थिक बोझ बनती जा रही है। कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में गैस संकट और गहरा सकता है। प्रशासन द्वारा लगातार यह अपील की जा रही है कि लोग जमाखोरी से बचें और धैर्य बनाए रखें। साथ ही, यदि कहीं कालाबाजारी या जमाखोरी की सूचना मिले तो तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। हालांकि, जमीनी स्तर पर इस अपील का अपेक्षित असर नजर नहीं आ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समस्या के समाधान के लिए सख्त निगरानी और त्वरित कार्रवाई बेहद जरूरी है। गैस एजेंसियों की नियमित जांच, वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और दोषी कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई से ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है।फिलहाल, जिले के उपभोक्ता गैस की किल्लत और बढ़ती कालाबाजारी के बीच फंसे हुए हैं।

## सौंसर में स्वच्छ भारत अभियान की निकल रही हवा

### शौचालय में पसरी बदबू, व्यापारियों राहगीरों का जीना हुआ दुस्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

एक ओर मध्यप्रदेश सरकार स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर नगर निकायों को चकाचक करने के लिए करोड़ों रुपए का बजट पानी की तरह बहा रही है, वहीं दूसरी ओर सौंसर नगरपालिका सौसर क्षेत्र में जमीनी हकीकत इसके उलट है।

नगर के विभिन्न वार्डों और चौक-चौराहों पर बने सार्वजनिक शौचालयों की बदहाली को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित साप्ताहिक बाजार परिसर का हाल सबसे बुरा है। यहाँ बना इकलौता शौचालय लंबे समय से सफाई न होने के कारण गंदगी के ढेर में तब्दील हो चुका है। व्यापारियों का कहना है कि यहाँ इतनी भीषण बदबू और कचरा जमा है कि पास खड़ा होना भी दूभर है। जल निकासी की




पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। व्यापारी योगेश गवनेकर ने बताया कि ₹साप्ताहिक बाजार चौक के इस शौचालय की सफाई के लिए कई बार नगरपालिका प्रशासन और स्थानीय पार्षद को सूचित किया गया है।

महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। हर दिन सैकड़ों व्यापारियों और ग्राहकों को इस नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।₹ सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं को हो रही है। नगर के प्रमुख चौराहों पर बने शौचालयों का हाल भी कुछ ऐसा ही है। नियमित सफाई के अभाव में ये शौचालय केवल 'शोपीस' बनकर रह गए हैं। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने का भय भी बना हुआ है।स्वच्छता सर्वेक्षण में ऊंचे पायदान की उम्मीद रखने वाली नगरपालिका की इस लापरवाही पर अब सवाल उठने लगे हैं। नगरवासियों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि पार्षद अपने वार्ड की बुनियादी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## महापौर विक्रम सिंह अहके बने नर्मदापुरम संभाग प्रभारी, संगठन को मिलेगी मजबूती

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम के महापौर विक्रम सिंह अहके को भारतीय जनता पार्टी के संगठन में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व ने उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें नर्मदापुरम संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से की गई है। महापौर विक्रम सिंह अहके लंबे समय से अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति, विशेषकर गरीबों और मजदूरों की आवाज को प्रखरता से उठाने के कारण उनकी पहचान एक जनसेवक के रूप में बनी है। संगठन का मानना है कि उनकी इस सक्रियता और अनुभव का लाभ अब पूरे नर्मदापुरम संभाग में भाजपा को मिलेगा।

**शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार :** अपनी नियुक्ति पर महापौर अहके ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

**कार्यकर्ताओं में उत्साह :** विक्रम सिंह अहके की नियुक्ति की घोषणा होते ही समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि अहके के नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति मोर्चा नर्मदापुरम संभाग में और अधिक संगठित और प्रभावी होगा, जिससे आगामी संगठनात्मक कार्यों में तेजी आएगी।

### सांसद ने दी ईद की बधाई और शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** सासंद बंटी विवेक साहू ने ईद-उल-फितर पर छिंदवाड़ा और पांढुरना के जिलेवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी हैं। सांसद श्री साहू ने उम्मीद जताई कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाएगा। उन्होंने सभी के लिए खुशी और सफलता की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि ईद का यह पावन त्योहार सभी के जीवन में खुशियां, शांति और समृद्धि लाए।

## वैदिक मंत्राचार्य के साथ हजारों यजमानों और आमजनों ने कुंडों में छोड़ी आहुतियां

**सांसद के माध्यम से जिलेवासियों को मिल रहा सहस्त्र चंडी महायज्ञ के दिव्य और पुण्य आयोजन का लाभ**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सहस्त्र चंडी महायज्ञ सनातन धर्म का एक अत्यंत शक्तिशाली और पुण्यदायी अनुष्ठान है। इस अनुष्ठान में देवी मां की पूजा से परिवार में सुख-समृद्धि, बाधाओं का नाश और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। इस महायज्ञ से मानसिक शांति, पारिवारिक बाधाओं से मुक्ति और ग्रह दोष से मुक्ति मिलती है। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर इस दिव्य और पुण्य आयोजन का लाभ जिलेवासियों को दिलाने के उद्देश्य से सांसद बंटी विवेक साहू और साहू परिवार एवं श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के द्वारा श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में 26 मार्च तक 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सहस्त्र चंडी महायज्ञ देवी दुर्गा (चंडी) को समर्पित एक अत्यंत दुर्लभ धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें दुर्गा सप्तशती के हजारों पाठ किए जा रहे हैं। श्री रामेश्वरम धाम में दुरदराज से पधारे महंतों और 200 से अधिक पुजारियों के द्वारा 1008 कुंडीय वेदी पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चंडी होम (हवन) के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन देवी दुर्गा को समर्पित हजारों आहुतियां दी जा रही है। इसमें शामिल होने वाले हजारों यजमानों सहित हजारों श्रद्वालूओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कष्टों (आधि-भौतिक, आधि-दैविक, आध्यात्मिक) से मुक्ति मिल सकती है।

**महंतों और पुजारियों के द्वारा कराया जा रहा सहस्त्र चंडी महायज्ञ**

श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि गुजरात कोहना से पधारे महंत सीताराम बापू जी, ओमकारेश्वर से पधारे महंत मंगलदास त्यागी जी, आनंद धाम राजना से पधारे संत विवेक जी महाराज और आचार्य पं. अरूण शर्मा शास्त्री जी एवं 200 से अधिक पुजारियों के द्वारा 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ कराया जा रहा है। जिसमें 26 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से श्री शिव अभिषेक, दोपहर 1:30 बजे से देवी सहस्त्रार्चन एवं दोपहर 3 बजे से 1008 कुंडों में आहुतियां डाली जा रही है। इस दिव्य और भव्य महायज्ञ की गरिमा को बनाए रखने के लिए सिर्फ यजमानों और सेवादारों को ही आई. कार्ड. वितरित किए गए है।

## वाघोड़ा के पिता-पुत्र की एक साथ उठी दो अर्थियां...

### दो मौतों से वाघोड़ा गांव में पसरा मातम......





**सौसर।** नागपुर-सौंसर मार्ग पर गुरुवार की शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे ने ग्राम वाघोड़ा के एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां पल भर में उजाड़ दीं। एक अनियंत्रित महिंद्रा टीयूवी कार काल बनकर आई और मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र को अपनी चपेट में ले लिया। इस हृदयविदारक दुर्घटना में किसान पुसराम उर्फ पिंटया शेडामे (40 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पिता नामदेव शेडामे (62 वर्ष) ने नागपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है।

घटना गुरुवार शाम की है, जब पुसराम अपने वृद्ध पिता नामदेव के साथ सौंसर साप्ताहिक बाजार से काम निपटाकर वापस अपने गांव वाघोड़ा लौट रहे थे। ग्राम जाम के पास तेज रफ्तार महिंद्रा टीयूवी कार (क्रमांक **MH** 40 **BE** 5962) ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी। जिसमें किसान नामदेव शेडामे की सोसर अस्पताल में मौत हो गई थी, चर्चा से पता चला कि मूर्तक नामदेव घर से यह कहकर निकले थे कि ₹बच्चों के लिए बाजार से सामान लेकर आता हूँ₹, लेकिन किसे पता था कि यह उनकी आखिरी विदाई होगी।

शुक्रवार को जब ग्राम वाघोडा में पिता-पुत्र की अर्थियां एक साथ उठीं, तो उपस्थित हर शख्स की आंखें नम हो गईं। गांव के श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया।

**मासूमों के सिर से उठा पिता और दादा का साया**

इस भीषण हादसे ने पुसराम के 8 वर्षीय पुत्र दर्शन और 10 वर्षीय पुत्री सृष्टि के सिर से पिता का साया छीन लिया है। पत्नी सविता का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के दो कमाऊ सदस्यों की मौत से पूरे घर पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार, नाती-पोते छोड़ गए हैं, जिनका भविष्य अब अंधकारमय नजर आ रहा है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ गहरा आक्रोश है। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा क्षेत्रवासीय और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए लोगों ने उपस्थित होकर 2 मिनट का मोन धारण कर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल आज आयेंगे छिंदवाड़ा, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग के मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 21 मार्च 2026 को छिंदवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल दोपहर 2 बजे कुण्डीपुरा थाना के पास, जनपद पंचायत छिंदवाड़ा पहुंचेंगे, जहां वे "अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) छिंदवाड़ा" का भूमि पूजन करेंगे। इसके बाद वे शाम 4 बजे जनपद पंचायत बिछुआ पहुंचेंगे, जहां वार्ड क्रमांक-12, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास "अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) बिछुआ" का भूमि पूजन करेंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री पटेल शाम 6 बजे जनपद पंचायत चौरई पहुंचेंगे, जहां वार्ड क्रमांक-15, लक्खा पिपरिया में "अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) चौरई" का भूमि पूजन करेंगे। मंत्री श्री पटेल जनपद पंचायत चौरई से प्रस्थान कर शाम 7 बजे श्री रामेश्वरम धाम, सिहोरामाल पहुंचेंगे।

### 23 को चुनरी यात्रा, 26 को महाअष्टमी हवन एवं 27 को होगा विसर्जन

## शिवोम तीर्थ दुर्गा मंदिर में 321 कलशों के साथ हुई घट स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा के साउथ सिविल लाइन स्थित गुरैया रोड पर बने स्वामी शिवोम्‌ तीर्थ दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में 321 कलशों के साथ भव्य घट स्थापना का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

स्वामी सदानंद तीर्थ ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह से ही विधिवत पूजा-पाठ प्रारंभ हो गया था, जिसके बाद शाम 5 बजे से घट स्थापना का क्रम शुरू हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और माता रानी के



जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।नवरात्रि के दौरान मंदिर में कई विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 23 मार्च को महिला मंडल बढ़वन द्वारा भव्य और विशाल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी, जो श्रद्धा और उत्साह का प्रमुख आकर्षण रहेगी।इसके बाद 26 मार्च को दोपहर 2 बजे से महाअष्टमी के अवसर पर विशेष हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल होंगे।वहीं 27 मार्च को सुबह 11:30 बजे कन्या पूजन किया जाएगा, जिसके बाद दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसी दिन शाम 5 बजे घट विसर्जन किया जाएगा और इसके पश्चात माता रानी के श्रृंगार का वितरण भक्तों में किया जाएगा।

मंदिर में प्रतिदिन आरती का समय भी निर्धारित किया गया है — सुबह 6 बजे और शाम 6:30 बजे आरती के समय श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।नवरात्रि के इस पावन पर्व पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है और पूरा क्षेत्र भक्ति, आस्था और उत्साह से सराबोर है।

## शुभ चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा किया गया कन्या पूजन

**छिंदवाड़ा :-** चैत्र नवरात्र के पावन प्रथम दिन पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं द्वारा दत्तात्रेय मंदिर में विशेष कन्या पूजन कार्यक्रम रखा गया। जिसमें नगर की देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर सर पर चुनरी उड़ाई गई। नारियल फल मिठाई खिलाकर दुर्गा सप्तसती की किताबों का वितरण देवी स्वरूपा कन्याओं को किया गया। सभी को हिन्दू नव वर्ष,चैत्र नवरात्र की शुभकामनायें दी। कन्यापूजन कार्यक्रम मे विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, प्रांत सत्संग प्रमुख ऋषिराज सिंह बैस, विभाग मंत्री नकुल विश्वकर्मा, जिला मंत्री गौरव सेन बजरंग दल विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी बजरंग दल जिला संयोजक नरेंद्र पटेल,जिला सह संयोजक रविराज भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष सुमित काबरा,सदन सूर्यवंशी, आकाश बैस, आदि बजरंगदल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मध्यप्रदेश और केरल के दलों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**छिंदवाड़ा।** लिंगा के शिव पर्वत पर चल रहे सहजयोग महोत्सव में महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश और केरल की युवा शक्ति ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। श्रीमाताजी निर्मला देवी के 103वे जन्मोत्सव पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन की संध्या मुक्ताकाशी मंच से दी गई प्रस्तुतियों से ऐसितहासिक बन गई।केरल की युवा शक्ति ने कथक नृत्य के माध्यम से भगवान गणेश के जन्म गाथा को जीवंत किया। वहीं नागपुर की सामुहिकता ने नृत्य प्रस्तुत किया। चंद्रपुर,यवतमाल और अमरावती की सामुहिकता द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। मध्यप्रदेश के इंदौर शहर की युवाशक्ति ने युवाओं को संदेश देनेवाली नाटिका की प्रस्तुति दी। इसीप्रकार भोपाल एवं विदिशा के बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया। उज्जैन और छ्रूषछंदवाड़ा की सामुहिकता ने भी प्रस्तुतियां दी। सहज भजन गायन ख्यात गायम सुब्रमण्यम,दीपक वर्मा,महुआ मुखर्जी,राजेश यूनिवर्स, संदीप दलाल ने किया। शुक्रवार रात्रि 12 बजे लिंगा और छिंदवाड़ा स्थित जन्म स्थली पर केक कटिंग हुई और श्रीमाताजी निर्मला देवी का 103वां जन्म दिवस मनाया गया।आज श्रीमाताजी का जन्म दिवसशनिवार को श्रीमाताजी निर्मला देवी का जन्म दिवस है। सहजयोग प्रणेता श्रीमाताजी निर्मला देवी के लाखो अनुयायी देश-दुनिया में इस समय है ओर सहजयोग के माध्यम से विश्व शांति,प्रेम तथा आध्यात्म का संदेश फैला रहे हैं। श्रीमाताजी का जन्म छिंदवाड़ा की पावन भूमि पर हुआ। इसीलिए इस भूमि को सहजयोगी पवित्र तीर्थ स्थान के रूप में मानते हैं ओर प्रतिवर्ष 19 से 21 मार्च तक तीन दिवसीय आयोजन अन्तराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होता है। शनिवार को प्रातः 10 बजे से श्रीमाताजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूजन भी किया जाएगा। पश्चात तीन दिवसीय महोत्सव का समापन हो जाएगा।

### मड़ई में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 16 मार्च से

**मड़ई।** ग्राम पंचायत मड़ई में 16 मार्च से टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पानी टंकी के पास किया जाएगा। विजेता टीम को 21,000 रु. और उपविजेता को 11,000 रु. पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि प्रवेश शुल्क 1,300 रु. रखा गया है।आयोजकों के अनुसार सभी खिलाड़ियों को पहचान पत्र लाना अनिवार्य है और अंपायर व समिति का निर्णय अंतिम होगा। ग्राम पंचायत मड़ई द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की जानकारी समिति सदस्य रामकृष्ण पटेल ने दी है। आयोजकों ने अधिक से अधिक टीमों से भाग लेने की अपील की है, ताकि खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके।आयोजन ग्राम पंचायत मड़ई द्वारा किया जा रहा है।

### देवी गीत संध्या पर झूमे भक्त, देर रात तक चला कार्यक्रम



**सिंगोड़ीः** माँ वैष्णो देवी जागरण समिति सिंगोड़ी के तत्वाधान में गुरुवार को एक दिवसीय देवी गीत संध्या का आयोजन हुआ जिसमे पंजाब के भजन गायक मास्टर सलीम ने एक से बढ़ कर एक देवी गीत गा कर श्रोताओं का मन मोह लिया। मास्टर सलीम ने सबसे पहले गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुवात की उसके बाद भोले की बारात,जय काली कलकत्ते वाली,मेरा भोला नमाने,मातारानी की भेंटों की एक से एक सुपरहिट भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात तक सागर सांसद अमरवाड़ा विधायक सहित सैकड़ों राजनेता जिले भर से आए हजारों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री ने लिया हनुमान लोक की व्यवस्थाओं का जायजा



**सौंसर।** मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सौसर पांढुर्णा के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने विश्वविख्यात चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर 'हनुमान लोक' जामसावली पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और प्रसादम सेवा उपक्रम में प्रसाद ग्रहण किया। मंत्री श्री तोमर ने आगामी 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले भव्य श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने सभामंडप, श्रद्धालुओं की बैठक व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और पार्किंग जैसे महत्वपूर्ण इंतजामों को देखा और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष का जन्मोत्सव ₹भक्ति के महासागर₹ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। जिंसमे 28 मार्चः गुरुदेव श्री विवेक महाराज द्वारा हनुमत चरित्र पर आध्यात्मिक प्रबोधन,29 मार्च सेः पद्मविभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक भव्य रामकथा का वाचन, 31 मार्चः संत श्री रसराज महाराज के सान्निध्य में 11 हजार श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ,1 अप्रैलः सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वस्ति मेहुल द्वारा भजनों की प्रस्तुति होंगी।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, मोहन ताजने,दादाराव बोबड़े, संतोष डवरे, टीकाराम कारोकार संजू डवरे, एड अजय धवले, निलेश जूननकर, भीमराव वाकोड़े, राजू बाविस्टाले, दिलीप बतरा,आदि थे।

## लगातार बढ़ रही भक्तों की भीड़, सुबह लग जाती है पूजा करने के लिए लंबी कतारें

# चार फाटक स्थित संतोषी माता मंदिर बना आस्था का केंद्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा शहर के चार फाटक क्षेत्र में स्थित श्री संतोषी माता मंदिर नगर का एक अत्यंत प्राचीन एवं सिद्ध मंदिर है, जिसे नगर देवी सिद्धपीठ के रूप में भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस मंदिर का इतिहास लगभग 200 वर्ष पुराना है। प्रारंभिक समय में माता रानी की पूजा एक मढ़िया में पीपल के पेड़ के नीचे की जाती थी। वर्ष 1930 के बाद जब यह क्षेत्र नई आबादी के रूप में विकसित हुआ, तब शुक्ला परिवार द्वारा इस स्थान को मंदिर निर्माण हेतु समर्पित किया गया।

### मंदिर निर्माण की प्रक्रिया

वर्ष 1952 में क्षेत्र की निवासी जैना बाई एवं सुखराम मिस्त्री ने एक समिति का गठन कर क्षेत्रवासियों के सहयोग से मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। मंदिर में प्रमुख मूर्तियों की स्थापना तिवारी परिवार, अग्रवाल परिवार, चांडक परिवार एवं साहू परिवार द्वारा की गई।

### यात्रियों के लिए सुविधा केंद्र

प्राचीन समय में छिंदवाड़ा का प्रवेश द्वार माने जाने के कारण बाहर से आने वाले यात्री नगर में प्रवेश करने से पहले इस मंदिर में दर्शन करते थे। यहां यात्रियों के लिए रात्रि विश्राम एवं भोजन-पानी की भी व्यवस्था की जाती थी। वर्तमान में भी मंदिर के माध्यम से विभिन्न सेवा कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

### नवरात्रि महोत्सव एवं धार्मिक आयोजन

नवरात्रि के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु मनोकामना कलश स्थापित करते हैं। प्रथम दिन कलश स्थापना, पंचमी को भव्य आरती, अष्टमी को हवन-पूजन तथा नवमी को कन्या भोज एवं कलश विसर्जन का आयोजन किया जाता है। प्राचीन परंपरा के निर्वहन के कारण मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था बनी हुई है।

### मुख्य मूर्तियां एवं पूजन स्थल

मंदिर में मुख्य रूप से अंबा माई दुर्गा जी की प्रतिमा विराजमान है। इसके अतिरिक्त शीतला देवी, अन्नपूर्णा देवी, भगवान गणेश, काल भैरव, संतोषी माता, शिवलिंग एवं हनुमान जी की भी स्थापना की गई है।

### मंदिर संचालन एवं प्रबंधन

पिछले 36 वर्षों से पंडित दयाराम दुबे मंदिर में पुजारी के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में मंदिर का संचालन प्रशासन द्वारा गठित ट्रस्ट के माध्यम से किया जा रहा है।



## झूलेलाल जयंती पर जुन्नारदेव के बावली में उमड़ा आस्था का सैलाब, भव्य शोभायात्रा ने बांधा समां



**जुन्नारदेव।** भगवान श्री झूलेलाल जी के पावन जन्मोत्सव (चैट्री चंड) के अवसर पर जुन्नारदेव के बावली क्षेत्र में गुरुवार को दिनभर धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से लेकर देर शाम तक चले आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान झूलेलाल जी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे श्री झूलेलाल मंदिर में अभिषेक एवं विधिवत पूजन के साथ हुई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां भक्तों ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक माहौल में गूंजते भजन-कीर्तन ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा भाव का विशेष नजारा देखने को मिला, जहां कार्यकर्ताओं और सेवाभावी लोगों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। इसके साथ ही नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर चना एवं शरबत का वितरण भी सामाजिक बंधुओं द्वारा किया गया। शाम होते ही कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशाल शोभायात्रा रही, जो वार्ड क्रमांक 5 स्थित वेयरहाउस के पास से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री झूलेलाल मंदिर पहुंची। यात्रा में शामिल आकर्षक झांकियां, ढोल-ताशों की गूंज और भजन-कीर्तन ने पूरे नगर को भक्तिमय रंग में रंग दिया। श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर क्षेत्र में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

## जुमात-उल-विदा पर उमड़ा आस्था का जन सैलाब, 21 मार्च को अदा होगी ईद-उल-फितर की नमाज

**सिंगोड़ीः** रमजान के पवित्र महीने के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुमा यानी जुमात-उल-विदा के अवसर पर मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रोजेदारों ने रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की और दुआएं मांगीं।इस साल अलविदा जुमा एक खास संयोग में पड़ा है। भारत में 21 मार्च 2026 को ईद-उल-फितर की तिथि तय की गई है और इस बार रमजान का आखिरी दिन अलविदा जुमा के साथ आया है। खास बात यह है कि तिथि के अनिश्चित होने के कारण मुसलमानों ने इस साल दो बार अलविदा जुमा की नमाज अदा की—पहली बार 13 मार्च को और दूसरी बार आज। इसे लोग अल्लाह का तोहफा मान रहे हैं।नमाज के बाद सिंगोड़ी में नायब पेश इमाम हाफिज इदरीश साहब ने ऐलान किया कि ईद-उल-फितर की नमाज शनिवार, 21 मार्च को सुबह 9:30 बजे अदा की जाएगी। सदर शेख साहीद ने सभी से समय पर पहुंचने की अपील की है।इसी क्रम में सिंगोड़ी क्षेत्र के ग्राम पिंडरई में सदर अब्दुल खालिक ने ईद की नमाज सुबह 9:30 बजे तय की है, खकरा चौरई के सदर शेख इजराइल ने सुबह 10:00 बजे का समय निर्धारित किया है, जबकि रजोला के सदर इनायत ने बताया की नमाज का समय सुबह 9:30 बजे रखा गया है।वही सिंगोड़ी के वरिष्ठ पत्रकार सफीक मिस्किनी , पत्रकार जाहिद मंसूरी ने सभी देशवासियों को ईद की शुभकामनाएं दी हैं।




## दो दिवसीय निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आज सेप्लेटिना हॉस्पिटल नागपुर के सहयोग से वीतराग भवन में लगेगा शिविर

**छिंदवाड़ा।** रहे भावना ऐसी मेरी सरल सत्य व्यवहार करूं, बने जहां तक इस जीवन में औरों का उपकार करूं ऐसी पवित्र भावना को लेकर सकल जैन समाज के समस्त युवाओं द्वारा तीर्थंकर महावीर भगवान के 2625 वें जन्मकल्याणक महोत्सव की खुशी में दो दिवसीय निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर आज शनिवार 21 मार्च एवं रविवार 22 मार्च को लगेगा। शिविर प्रभारी ने बताया शिविर का शुभारंभ वीतराग भवन अहिंसा स्थली गोल गंज में आज प्रातः 10 बजे समाज के वरिष्ठ चिकित्सकों के हस्ते गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में किया जावेगा। जिसमें प्लेटिना हॉस्पिटल नागपुर के सेवा भावी चिकित्सकों की टीम अपनी सेवाएं देगी और जांच हेतु रजिस्ट्रेशन हुए नागरिकों की जांचकर उनका परीक्षण कर सूची तैयार करेंगे जिनमें से कुल 150 हृदय रोग जांच हेतु चयनित नागरिकों का समुचित उपचार 22 मार्च रविवार को प्रातः 10.30 से डॉक्टर प्रमोद मूंदड़ा, एमडी - डीएम, कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. सुबोध रामटेके एवं डॉ. प्रनीत लेले एमडी. डीएनबी कार्डियोलॉजिस्ट प्लेटिना हॉस्पिटल नागपुर द्वारा निःशुल्क किया जावेगा।शिविर में स्तन रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रश्मि मूंदड़ा द्वारा दोपहर 1 बजे से वीतराग भवन में महिलाओं सहित बेटियों की कार्यशाला जागरूकता अभियान, स्तन कैंसर निदान एवं समुचित उपचार किया जावेगा। जिसका लाभ लेने की अपील शिविर आयोजक मंडल के सर्वश्री दीपक राज जैन, विजय किरण जैन, विनोद लुहाडिया, सत्येन्द्र जैन मंजू, दीपक जैन छोटू, श्रेय पाटनी गोलू, विनय लुहाडिया, नितिन जैन, शैलेन्द्र गिरनार, प्रवीण जैन, सचिन जैन, पंकज जैन पप्पू, प्रदीप जैन, अखिलेश पाटनी ढब्बू, राज पाटनी, कीर्ती राज जैन, शैलेन्द्र जैन बबलू सहित सकल जैन समाज के समस्त युवा जिनशासन सेवकों द्वारा की गई है।

## हिंदू नववर्ष पर संत तुकाराम और शिवाजी महाराज की प्रतिमा लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

**हिंदू नव वर्ष अर्थात गुड़ी पाड़वा पर पांढुर्णा में सांदीपनी स्कूल के ठीक सामने संत तुकाराम महाराज तिराहे पर श्री संत तुकाराम महाराज एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की संयुक्त प्रतिमा का जोर-शोर से लोकार्पण किया गया। यह धार्मिक समारोह विधि-विधान पूर्वक संपन्न किया गया।**

ज्ञात हो कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जनता की मांग पर पांढुर्णा को नया जिला बनाया गया है। महाराष्ट्र की सीमा से सटे होने के कारण यहां मराठी भाषा एवं संस्कृति का विशेष प्रभाव देखने को मिलता है। क्षेत्र में भगवान विट्ठल को अपना आराध्य माननेवाले भक्तजन बडी संख्या में मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि भगवान विट्ठल के अनन्य और परम भक्त के रूप में संत तुकाराम महाराज सुप्रसिद्ध है। जगतगुरु संत श्री तुकाराम महाराज सेवा समिति, पांढुर्णा के तत्वावधान में यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। लंबे समय से समिति द्वारा तिराहे पर प्रतिमा स्थापना के प्रयास किए जा रहे थे। इस मौके पर विट्ठल भक्त यजमान तुकाराम वानखड़े के हस्ते पूजा संपन्न कराई गई। इसके पश्चात मंत्रोच्चार के साथ भव्य भगवा ध्वज फहराया गया। प्रतिमा स्थापना के पूर्व शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



## भूमि सुपोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन

किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित किया गया कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव में दिनांक 19 मार्च 2026 को वर्चुअल माध्यम से "भूमि सुपोषण अभियान" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.आर. धुवारे के मार्गदर्शन में किया गया।

यह वर्चुअल कार्यक्रम महाराष्ट्र के अमलनेर (जलगांव) स्थित मंगलग्रह मंदिर परिसर से आयोजित हुआ, जहां से देशव्यापी अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, मंत्री गिरीश महाजन, गुलाबराव पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि "भूमि सुपोषण अभियान" एक राष्ट्रीय जन-अभियान है, जिसका उद्देश्य रासायनिक खेती के कारण बंजर हो रही मिट्टी को जैविक खाद, गोबर, गोमूत्र एवं देशी बीजों के उपयोग से पुनः उपजाऊ बनाना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिलेगा और स्वस्थ भोजन के साथ किसानों की समृद्धि सुनिश्चित होगी।

कार्यक्रम में डॉ. एस.आर. धुवारे ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि रासायनिक खेती का मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने और खेती की पारंपरिक एवं वैज्ञानिक विधियों को समन्वित रूप से अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय, बालाघाट के सहायक प्राध्यापक डॉ. उत्तम बिसेन ने संकर मक्का एवं धान बीज उत्पादन पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया और बताया कि यह अभियान भूमि के प्रति हमारे दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम में जिले के लगभग 45 कृषकों एवं महिला कृषकों ने सहभागिता की। इस दौरान प्रतिभागियों को कृषि विज्ञान केन्द्र की विभिन्न इकाइयों जैसे प्राकृतिक खेती, पौध उत्पादन, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मुर्गी पालन, एजोला, नाडेप, वर्मीकम्पोस्ट एवं कृषि यंत्र इकाई का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में केन्द्र के श्री धर्मेन्द्र आगाषे, श्रीमती अन्नपूर्णा शर्मा एवं श्री दिलीप कुमार शिव का विशेष योगदान रहा।

## शंकर तालाब में चलाया स्वच्छता श्रमदान अभियान

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 19 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक संचालित होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा 19 मार्च को शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत स्थानीय शंकर तालाब में स्वच्छता श्रमदान के साथ की गई, जहां जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने तालाब परिसर में खरपतवार की सफाई कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

### नपा अध्यक्ष दांदरे ने फीता काटकर किया प्याऊ का लोकार्पण

इसके उपरांत तहसील कार्यालय परिसर में पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत सार्वजनिक प्याऊ का लोकार्पण नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसके संरक्षण और स्वच्छता के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा।



### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल आईएएस, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, नायब तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया, पार्षद मदनलाल धार्मिक, उपयंत्री श्रीमती अंशिका सिंह चौहान, पूर्व पार्षद मनोज दांदरे सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

### जल गंगा अभियान का सफलतापूर्वक किया जायेगा क्रियान्वयन

मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इसके अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल स्त्रोतों की सफाई एवं मरम्मत, जल गुणवत्ता परीक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग की स्थापना तथा गर्मी के मौसम में पेयजल सुविधा के लिए सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं अविरल बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। नगरपालिका द्वारा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दैनिक गतिविधि कैलेंडर भी तैयार किया गया है।

### जल संरक्षण व स्वच्छता की शपथ ली

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली तथा नागरिकों से अपील की गई कि वे जल स्त्रोतों को प्रदूषित न करें और इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा उनके अनुभव का अपमान-विवेक पटेल

### अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने शिक्षक पात्रता परीक्षा समाप्त करने मुख्यमंत्री के नाम विधायक विवेक विक्की पटेल को सौंपा ज्ञापन मुख्यमंत्री से इच्छा मृत्यु की मॉग कर रहे है शिक्षक

वारासिवनी। शिक्षक समाज का आईना होता है, शिक्षक ही ऐसा गुरु है। जिनके बिना मनुष्य ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता है। शिक्षकों के बिना छात्र कभी अपने मुकाम तक नहीं पहुंच सकता है। मगर अब इन्हीं शिक्षकों को सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा देने का आदेश जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश ने वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की पेशानी पर बल ला दिया है, वह सभी अपने भविष्य को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे है। वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरुप परीक्षा देने से कतरा रहे हैं। जिसके लिए उनके द्वारा सभी राजनेताओं व अधिकारियों के दरवाजे खटखटा रहे है।

### शिक्षकों ने विधायक विवेक पटेल से की मुलाकात

अपनी प्रतिष्ठा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के सैकड़ों शिक्षक वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के नाम ज्ञापन विधायक विवेक विक्की पटेल को सौंपा। शिक्षकों की समस्याओं को गम्भीरता से देखते हुए विधायक विवेक पटेल ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और शिक्षा मंत्री को तत्काल पत्र लिखकर शिक्षक पात्रता परीक्षा समाप्त करने की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि यह परीक्षा उनके अनुभव का अपमान है और इससे मानसिक तनाव और नौकरी पर असुरक्षा महसूस हो रही है।



### शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं होती समाप्त, तो हमें इच्छा मृत्यु अनुमति प्रदान करें-रोशनलाल नगपुरे

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा वारासिवनी खैरलॉजी के ब्लाक अध्यक्ष रोशनलाल नगपुरे ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा करवाने के आदेश जारी किए गए हैं, इस आदेश के आधार पर मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 2 मार्च 26 को पत्र जारी कर वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त हुए शिक्षकों की पात्रता परीक्षा आयोजित करने के आदेश दिए गए है। इस शिक्षक पात्रता परीक्षा को उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, नहीं तो नौकरी समाप्त की जाएगी।

### सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करे मध्यप्रदेश सरकार

उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि 2011 के पूर्व जो शिक्षक नियुक्त हुए है। उस समय की जो हमारी योग्यता थी और जो मापदंड थे। उसको पूरा करके ही हम शासकीय सेवा में आए है। अब हमें पुनः परीक्षा देना का क्या मतलब है? ये हमारे मान सम्मान और प्रतिष्ठा का सवाल है। हम नहीं चाहते कि हमें पुनःपरीक्षा देनी पड़े। प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में पुर्नविचार याचिका दायर करे। बाकी राज्यों ने जैसा किया है, वैसा ही हमारी प्रदेश सरकार करे। हमारे शिक्षा विभाग में इस आदेश के बाद बहुत आक्रोश पनप रहा है। सुप्रीम कोर्ट से हमारा निवेदन है कि अगर सरकार याचिका नहीं लगाती है, तो हम सभी शिक्षकों को इच्छा मृत्यु के लिए अनुमति प्रदान करे।

### 15-20 वर्षों की सेवा देने के बाद भी हमें 2018 की नियुक्त मान रही प्रदेश सरकार-प्रमोद पारधी

शिक्षक प्रमोद पारधी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश हुआ है कि 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता मुख्य रूप से देना होगा। वहीं एक तरफ सरकार हमें 2018 के शिक्षक मानती है। 15-20 वर्षों की जो हमारी सेवा है, वह समाप्त कर दी गयी है। नियुक्ति दिनांक हमारा वर्ष 2018 मान लिया गया है। जब हमें 2018 के नियुक्त शिक्षक मान लिया गया है, तो फिर 2011 के पहले के शिक्षकों या उनकी परीक्षा होना है। जो शिक्षक पेंशन की ओर जा रहा है। उससे शासन हमें भटका रही है और ध्यान हमारा परीक्षा की ओर कर दिया गया है। जो शिक्षकों का अपमान है।

### प्रदेश सरकार कर रही हमारे गुरुओं का अपमान-विवेक पटेल

शिक्षकों से चर्चा करने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारे कई शिक्षक लगभग 20-25 वर्षों से नौकरी कर रहे है। मगर सरकार का आदेश है कि सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा देना होगा। जबकि सभी शिक्षक पूरा मापदंड पूरा करके ही शिक्षक बने है। सरकार जो शिक्षकों की परीक्षा लेना चाहती है। ये हमारे गुरुओं का अपमान है। शिक्षक हमारा राष्ट्र निर्माता है। शिक्षकों को पूरा सम्मान मिलना चाहिए। मैने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को पत्र लिखकर शिक्षक पात्रता परीक्षा को समाप्त करने की मांग की है।

## शिक्षकों ने हिन्दू नववर्ष पर नागरिकों का तिलक वंदन कर शुभकामना पत्र भेंट किए

**वारासिवनी। चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नववर्ष प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी केशव इंग्लिश स्कूल वारासिवनी द्वारा मनाया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने नगर भ्रमण करके नागरिकों का तिलक अभिनंदन कर उन्हें हिन्दू नववर्ष की शुभकामना देते हुए इसके महत्व को बताया।**



इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने जनसमूह में पीले रंग के शुभकामना पत्रों का वितरण किया, जिसका सामाजिक रूप से नागरिकों ने स्वागत किया। शुभकामना के इस अवसर पर शिक्षकगणों ने स्थानीय दुकानदारों, अभिभावकों तथा आमजन समुदाय से भेंट की। कार्यक्रम के समापन पर उद्बोधन देते हुए ज्ञान विकास समिति सचिव विजय तेलास्कर ने गुड़ी पाडवा व चैत्र नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें इस दिन वंदनवार कर आँगन में दीप प्रज्ज्वलित करना चाहिए।विद्यालय के अधीक्षक जितेन्द्र टेम्भरे द्वारा हिन्दू संस्कृति के संरक्षण एवं समाज में सकारात्मक बदलाव पर बल दिया एवं हिन्दू नववर्ष को उन्होंने प्राकृतिक नववर्ष बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य प्रदीप शर्मा एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। अल्पाहार के पश्चात सभी की मंगल कामना करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## खबर संक्षेप

### केवलारी में लगी आग, फायर ब्रिगेड पहुँची

**हरिभूमि न्यूज । केवलारी।** नगर के मालवीय वार्ड क्रमांक 12 स्थित शासकीय प्राथमिक कन्या शाला केवलारी के सामने निवासरत अल्लू चौरसिया के मकान में गुरुवार को दोपहर लगभग 1:30 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दिए जाने पर केवलारी से फायर ब्रिगेड मौके स्थल में पहुंची। जहां आग पर काबू कर लिया गया। हालांकि आग से घर पर रखा टेंट का सामान, घर के दरवाजे चौखट आदि अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी, तहसीलदार, एसडीओपी, पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे।

### राज्यमंत्री श्री लखन पटेल का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल 20 एवं 21 मार्च 2026 को सिवनी जिले के दौरे पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल 20 मार्च को दमोह से प्रस्थान कर शाम 8:30 बजे सिवनी पहुंचेंगे, जहां वे सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 21 मार्च को प्रातः 8:30 बजे वे सिवनी से नागपुर (महाराष्ट्र) के लिए रवाना होंगे। नागपुर में पूर्व निर्धारित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वे शाम 4:00 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई, 5 सिलेंडर जब्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दुरुपयोग के विरुद्ध जिले में लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में विभिन्न अनुविभागों में गठित जांच दल द्वारा प्रतिष्ठानों की जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिवनी अनुविभाग अंतर्गत सुभाष चौक, बुधवारी बाजार क्षेत्र में स्थित एक प्रतिष्ठान की जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कुल 5 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश द्रवीकृत पेट्रोलियम प्रदाय एवं वितरण (विनियमन) आदेश 2000 के तहत की गई है तथा संबंधित प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजनों के लिए ही करें। व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में नवाचार के तहत राजमा फसल का बढ़ रहा क्षेत्र विस्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में नवीन फसलों को स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिले में राजमा फसल को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजमा, जो कि दलहन वर्ग की फसल है, कम लागत में अधिक लाभ देने वाली फसल के रूप में उभर रही है। अन्य फसलों की तुलना में इसमें कम पानी एवं कम उर्वरक की आवश्यकता होती है। साथ ही, यह फसल भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में भी सहायक है, जिससे आगामी फसलों में उर्वरक की आवश्यकता कम हो जाती है। विकासखंड सिवनी के ग्राम खेरी के कृषक आदित्य बघेल द्वारा लगभग 18 एकड़ क्षेत्र में राजमा की खेती की गई है, जिसकी कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिले में वर्तमान में लगभग 150 से 200 एकड़ क्षेत्र में राजमा फसल का रकबा विस्तार हुआ है, जिससे आने वाले समय में कृषकों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। उपसंचालक कृषि सुधीर कुमार धुर्वे एवं आत्मा परियोजना की टीम द्वारा कृषकों के खेतों का निरीक्षण कर उन्हें दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# खेल मैदान के नाम पर लाखों का बंदरबांट, धनककड़ी पंचायत में कागजों में खेल मैदान का कार्य, जमीन पर नहीं कुछ कार्य?

संवाददाता मुकेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

**जनपद पंचायत लखनादौन अंतर्गत ग्राम पंचायत धनककड़ी में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। मनरेगा योजना के तहत खेरमाई मंदिर के पास खेल मैदान निर्माण के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखा दिए गए, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि मौके पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं हुआ है।**





स चिव

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत द्वारा कागजों में खेल मैदान का निर्माण पूरा दिखाकर सरकारी राशि का बंदरबांट कर लिया गया। जबकि स्थल पर न तो मैदान समतलीकरण हुआ है और न ही कोई अन्य निर्माण कार्य दिखाई देता है।

बताया जा रहा है कि इससे पहले भी पंचायत में सामुदायिक शौचालय निर्माण के नाम पर 99 हजार 500 रुपये की राशि निकाल ली गई थी। बिलों में रेत, गिट्टी और सीमेंट का उपयोग दिखाया गया, लेकिन आज तक शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया, जिससे पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार खेल मैदान निर्माण कार्य में 18 से 20 मजदूरों के नाम से मनरेगा में मजदूरी दर्ज कर लगभग 181 मानव दिवस का कार्य दिखाया गया है। ग्रामीण युवाओं का कहना है कि उन्होंने मौके पर ऐसा कोई कार्य होते नहीं देखा। इतना ही नहीं, इस मामले को लेकर सीएम हेल्पलाइन 181 में भी शिकायत दर्ज कराई गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों की मिलीभगत से शासकीय योजनाओं की राशि का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। वहीं जनपद पंचायत लखनादौन के जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलने की बात कही जा रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पंचायत प्रतिनिधियों व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं में हो रहे इस तरह के भ्रष्टाचार पर लगाम लगें



# बेमौसम बारिश और हल्की ओलावृष्टि ने किसानों की बढ़ा दी चिंता

**गोपालगंज** : थाना क्षेत्र लखनवाड़ा अंतर्गत ग्राम गोपालगंज, नन्दौरा, बाघराज सहित मोहगांव,कातालबोड़ी में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बारिश और हल्की ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मोहगांव के सरपंच कमलेश सनोदिया ने बताया कि इस समय गेहूं सहित अन्य रबी फसलों की कटाई का दौर चल रहा है। ऐसे में बारिश किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। तेज हवा और पानी से खड़ी फसल गिरने का खतरा बढ़ गया है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। वहीं गोपालगंज के सरपंच हरिशंकर साहू ने जानकारी दी कि बारिश के साथ चने के दाने के बराबर ओले भी गिरे। फसल इस बार अच्छी स्थिति में है और कटाई के लिए तैयार है, लेकिन इस बेमौसम बारिश से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# ईद उल फितर अल्लाह की तरफ़ से बड़ा इनाम है-आमीन मुहम्मद क़ासिम रज़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अल्लाह तआला ने अपने हब़ीब पाक सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की उम्मत को बहुत सी नेअमतें अता फ़रमाईं , रमज़ान मुबारक जैसा अज़ीम महीना फिर इस महीने के आखिर में ईद उल-फितर का खूबसूरत दिन अता फरमाया ,ईद का दिन खुशी मनाने के साथ-साथ अच्छा बरताओ , दोस्तों और पड़ोसियों से मुलाकात , गरीबों और मिसकीनो की मदद का दिन है ।इसी आपसी मिलान से मोहब्बत पैदा होती है ,दिल साफ़ होते हैं ,मुसाफ़ह. व गले मिलने से गुनाह झड़ते हैं , बिछड़े हुए लोग इस मुबारक दिन पर एक हो जाते हैं ,टूटे हुए रिश्ते दोबारा जुड़ जाते हैं ,ईद का दिन खुशी का दिन है इस दिन खास कर अच्छे काम करना चाहिए ,ईद का दिन अल्लाह को राज़ी करने का दिन है और ख़ुशी को जताने का दिन है इस दिन अच्छे आमाल कीजिए गुनाहों से बचिए ,एसी जगह जाने से बचें जहां पुरुष महीला एक साथ होने की संभावना हो ईद का छोटे और कमज़ोरों की मदद करने उनका हर तरह.से ख्याल करने उन सबके साथ खुशियां बाटने का दर्स देता है हज़रत अनस रज़िअल्लाहु अन्हु फरमाते हैं जब हुज़ूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम मदीना शरीफ़ में तशरीफ़ लाए उस वक़्त मदीने वाले साल में दो दिन खुशी मनाते थे पूछा गया तो बहुत पहले से हम दो दिन मनाते हैं रसूले ख़ुदा ने फ़रमाया अल्लाह तआला ने उस से बेहतर दो दिन अता फरमाये हैं ईद उल फितर, ईद उल अज़हा ।



आज कल हम समझते हैं कि सिर्फ़ नये नये कपड़े बनाने से ही ईद की खुशी होगी ऐसा नही बलकि इस दिन हर गुनाह से बचना और तमाम ज़िन्दगी बचने का पक्का इरादा करना है दुनिया की हर खुराफात से बचना है और यही तरीका बुज़ुर्गाने दीन का है। इस दिन नमाज़े ए ईद पढ़ें और अपने इस्लामी भाइयों से गले मिलें मुसाफह करें पुरानी गलतियों को माफ करें एक होकर रहें।हमारी वजह से किसी को कोई तकलीफ न हो ।

**अपील :-** ईद की नमाज़ पड़ने से पहले पहले सदक़ा ए फितर अपनी तरफ़ से और अपने बच्चों की तरफ़ से निकालें बेहतर है आज शाम तक अदा करें ताकी जो इसके हकदार हैं वो भी अच्छे तरह.से ईद मना सकें।

अल्लाह हम सबको इस मुबारक दिन का फैज़ान अता फरमाये बीमारों को शिफ़ा अता फरमाए कमज़ोरों को ताक़त और हर तरह. की परेशानियों से हम सब को बचाए हमारे मुल्के हिंदुस्तान में अमनो अमान हो और इसको खूब तरक़्क़ी अता फरमाए ।

# NH-44 पर बड़ा हादसा टला, तेज रफ्तार ट्रक 20 फीट गहरे नाले में गिरा



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बंडोल थाना क्षेत्र के सोनाडोगरी के पास तेज रफ्तार ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरे नाले में जा गिरा। ट्रक में सवार चालक और परिचालक बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि ट्रक विशाखापत्तनम से यूपी-बिहार की ओर जा रहा था, तभी अचानक नियंत्रण बिगड़ गया और यह हादसा हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अगर ट्रक सड़क पर पलटता तो बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। गौरतलब है कि NH-44 पर पहले भी कई भीषण हादसे सामने आ चुके हैं, जिनमें तेज रफ्तार और लापरवाही मुख्य कारण रहे हैं।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की मौके पर दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के बंडोल इलाके में शुक्रवार दोपहर बलारपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक बेकाबू होकर पलट गया, जिसमें दबने से ड्राइवर की मौके पर ही जान चली गई। हादसा दोपहर करीब 1 बजे का है। जानकारी के मुताबिक, कान्हीवाड़ा के हिनोतिया गांव का रहने वाला बृजलाल मरकाम ट्रैक्टर लेकर किसी काम से निकला था। जैसे ही वह बलारपुर गांव के पास पहुंचा, ट्रैक्टर की रफ्तार तेज होने की वजह से वह उस पर काबू नहीं रख पाया और गाड़ी पलट गई। बृजलाल ट्रैक्टर के नीचे बुरी तरह दब गया और जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।



### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की खबर मिलते ही बंडोल थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने गांव वालों की मदद से शव को बाहर निकाला और पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। बंडोल थाना प्रभारी मनोज जंघेला ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की छानबीन की जा रही है।सावधानी की अपील शुरुआती जांच में यही माना जा रहा है कि हादसा ट्रैक्टर की तेज गति के कारण हुआ है। पुलिस ने एक बार फिर वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क पर चलते समय सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन करें ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# 181 में फर्जी शिकायत करने वालों पर FIR दर्ज करने की मांग, जनपद CEO को भी सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 181 के माध्यम से की जा रही कथित फर्जी शिकायतों को लेकर सरपंच संघ में आक्रोश देखने को मिला। इस संबंध में सरपंच संघ के दर्जनों जनप्रतिनिधि थाना पहुंचे और फर्जी शिकायतकर्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए आवेदन सौंपा।

सरपंचों का आरोप है कि कई शिकायतकर्ता अन्य ब्लॉक एवं जिलों के हैं, जिन्हें संबंधित ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों की वास्तविक जानकारी नहीं होती। इसके बावजूद वे ऑनलाइन जानकारी के आधार पर शिकायत दर्ज कराते हैं और बाद में पंचायत प्रतिनिधियों व सचिवों से राशि की मांग करते हैं। कुछ लोग खुद को मीडिया प्रभारी या पत्रकार बताकर दबाव बनाने का प्रयास भी करते हैं। सरपंच संघ ने जिन शिकायतकर्ताओं के नाम बताए हैं, उनमें ग्राम पंचायत सारसडोल में शिकायतकर्ता भानुप्रताप ठाकुर, कलबोडी में तीरथ प्रसाद, और विजयपानी में सुशील का नाम शामिल है। इधर, सरपंच संघ ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कुरई को भी ज्ञापन सौंपकर पंचायतों में आ रही अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत अत्यधिक बिजली बिल आ रहे हैं, साथ ही कई कार्य अब तक अपूर्ण हैं। इन कार्यों को जल्द पूरा कराने के लिए संबंधित एजेंसियों को निर्देशित करने की मांग की गई। सरपंच संघ ने स्पष्ट किया कि 181 में फर्जी शिकायत करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायतों के विकास कार्यों में अनावश्यक बाधा न आए।

### रामनगर कॉलोनी के गार्डन का एवं आरसीसी नाली का भूमि पूजन किया गया

टैगोर वार्ड में सिवनी के पूर्व विधायक नरेश दिवाकर के मुख्य अतिथि में एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया की अध्यक्षता में वार्ड पार्षद सुश्री साक्षी डागोरिया की विशेष उपस्थिति में एवं सम्मानीय नागरिक गणों की उपस्थित में गुरुवार को टैगोर वार्ड क्रमांक 7 में रामनगर कॉलोनी के गार्डन का भूमि पूजन एवं चंद्रप्रभा नगर में धनराज डहाटे के मकान से श्री तेकाम के मकान तक दोनों और आरसीसी नाली का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री गजानन पंचेश्वर, अजय डागोरिया किसान मोर्चा के जिला महामंत्री शिव सनोडिया, अल्केश रजक, सुनील साहू, विजय सनोडिया, बी के उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, अशोक नेमा, उदय सिंह बागरी, राजकुमार गढेवाल, राजेंद्र विश्वकर्मा, अनिल परते, राकेश रंजन मेहता, शिव चावला, अमीरचंद भारद्वाज, धनराज डहाटे, अंकुर दुबे, विक्रांत दुबे सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# गौ माता चौक पर भव्य प्रतिमा स्थापना, क्षेत्र में बढ़ी धार्मिक आस्था की चमक

**घंसौर / घंसौर**-लखनादौन क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में एक और सराहनीय पहल सामने आई है। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक योगेंद्र सिंह बाबा ने अपनी विधायक निधि से गौ माता चौक पर भव्य गौ माता की प्रतिमा स्थापित कर क्षेत्रवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात दी है। इस प्रतिमा की स्थापना से न केवल चौक की सुंदरता में चार चांद लगे हैं, बल्कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था को भी नया आयाम मिला है।



गौ माता की यह आकर्षक प्रतिमा चौक के मध्य स्थापित की गई है, जो दूर से ही लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रतिमा के आसपास साफ-सफाई एवं सजावट का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे चौक की समग्र रौनक बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले यह स्थान सामान्य सा दिखाई देता था, लेकिन अब यह क्षेत्र एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बन गया है। स्थानीय लोगों ने विधायक की इस पहल की खुले दिल से प्रशंसा की है। नागरिकों का मानना है कि गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख प्रतीक हैं, ऐसे में उनकी प्रतिमा का सार्वजनिक स्थल पर स्थापित होना समाज में सकारात्मक संदेश देता है। यह कदम न केवल धार्मिक भावनाओं को सशक्त करता है, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता है।

# पानी चौपाल के माध्यम से कृषकों को जल संरक्षण तकनीकी की दी गई जानकारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला उद्यानिकी अधिकारी डॉ. आशा उपवंशी-वासेवार के मार्गदर्शन में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा विकासखण्ड सिवनी की ग्राम पंचायत हिनोतिया (रन.) में "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत "पानी चौपाल" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत हिनोतिया (रन.) की सरपंच श्रीमती शिव कुमारी सनोडिया उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कृषक शामिल हुए। वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी संतोष बघेल ने "पानी चौपाल" के दौरान किसानों को जल संरक्षण की तकनीकों की जानकारी देते हुए पानी के सदुपयोग पर जोर दिया। उन्होंने "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" योजना के अंतर्गत ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर एवं पोर्टेबल स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों के माध्यम से कम पानी में अधिक उत्पादन लेकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी कु. शीला इनवाती एवं कु. शिल्पा इंदोरकर ने कृषकों को अपनी कुल भूमि के कम से कम 10 प्रतिशत हिस्से में उद्यानिकी फसलें लगाने की सलाह दी। साथ ही सिंचाई जल के समुचित उपयोग पर बल देते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की और पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती शिव कुमारी सनोडिया ने भी किसानों से जल संरक्षण अपनाने और अधिक से अधिक उद्यानिकी फसलें लगाने का आह्वान किया।



# जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के कुरई बिकास खंड अंतर्गत आनेवाली ग्राम पंचायत परतापुर वैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत उद्गम स्थल से की गई। ग्राम पंचायत परतापुर अंतर्गत बैनगंगा उद्गम स्थल मुण्डारा में दिनांक 19 मार्च 2026 को जनपद स्तरीय जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत कुरई के अध्यक्ष श्री लोचन सिंह मर्सकोले, उपाध्यक्ष श्री हरदीप सिंह भाटिया, जिला पंचायत सदस्य श्री तेजसिंह रघुवंशी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री श्री नीलकंठ तिवारी सहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इसके अलावा जनपद सदस्य श्रीमती लीना रविकांत ऐडे, ग्राम पंचायत परतापुर की सरपंच श्रीमती दुर्गा तेकाम, जनपद सदस्य श्री संतोष मर्सकोले, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री अनिल सहारे, जनपद सदस्य श्री मानसिंह सनोडिया, अशोक शरणागत, डिमाकचंद राणा सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



प्रशासनिक स्तर पर जनपद पंचायत कुरई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री अर्जुन ठाकुर, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी संजय डेहरिया, सहायक यंत्री राहुल रोकड़े, उपयंत्री पंकज चौधरी,सचिव विजय राहंगडाले सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, नदी-तालाबों के संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। अंत में ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# श्रीमाता कर्मा का जीवन नारी शक्ति एवं श्रृद्धा भक्ति का दर्शन है- सासंद

**केवलारी**-तेली साहू समाज की आराध्य देवी माँ कर्मा की 1010 वां जयंती महोत्सव दिनांक17/03/2026 दिन मंगलवार को गायत्री प्रज्ञा पीठ से नगर शोभा यात्रा निकालकर नगर भ्रमण कर मुख्य आयोजन सीताराम ट्रांसपोर्ट परिसर मंडला रोड मे विवेक बंटी साहु लोकसभा सदस्य छिंदबाडा, प्रभात साहू पूर्व महापौर नगर निगम जबलपुर, रविकिरण साहू पूर्व अध्यक्ष तेलघानी वोर्ड, श्रीमति मीना गोल्हानी अध्यक्ष नगर पालिका लखनादौन, श्रीमति इमरता साहू अध्यक्ष नगर पालिका बरघाट की मंचासीन गरिमामय उपस्थिति मे मनाया गया। विवेक बंटी साहु लोकसभा सदस्य ने अपने उद्बोधन मे कहा कि श्री माता कर्मा के जयंती दिवस पर त्याग, अटूट श्रृद्धा और सेवा भाव को नमन करते है ।यहाँ के समाजिक लोगों की जागरूकता के कारण प्रतिवर्ष माता कर्मा की जयंती मनाई जाती हैं ।पुरे जिले के सजातीय बंधुओं माताओ वहनो को एक साथ समय बीताने का दिन मिलता है। समाज को एकजुट होकर मानव सेवा दीन दुखियो की हर सम्भव मदद करना चाहिए। माता कर्मा देवी तेली समाज की आराध्य है जिंहोंने भगवान कृष्ण की अनन्य भक्ति पाकर भगवान को भी बाजरे की खिचड़ी अपने हाथो खिलाया ।जिन्होंने सरलता और समर्पण से ईश्वर को प्रसन्न किया। उनका जीवन हमें सामाजिक एकता, निस्वार्थ सेवा और नारी शक्ति को सहेजने की प्रेरणा देता है।



## 225 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित

# चैत्र नवरात्र में ज्वाला देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** चैत्र नवरात्र महोत्सव के पावन अवसर पर ज्वाला देवी मंदिर सिवनी में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिल रहा है। सिद्धपीठ के रूप में विख्यात इस मंदिर में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है।

मां आदिशक्ति की कृपा से इस वर्ष मंदिर परिसर में 225 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। यह परंपरा गहरी आस्था और विश्वास का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने के बाद माँ के चरणों में ज्योति कलश स्थापित कर आभार प्रकट करते हैं।

इन ज्योति कलशों की विशेषता यह है कि इन्हें देश के विभिन्न राज्यों और शहरों के श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित किया गया है। इनमें अरुणाचल प्रदेश, सिकंदराबाद(तेलंगाना), पंजाब, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़), हिसार (हरियाणा), मुंबई(महाराष्ट्र), नागपुर, पुणे, भोपाल, नई दिल्ली, उज्जैन, इंदौर, सागर,



जबलपुर, मंडला, बालाघाट सहित अन्य स्थान शामिल हैं। यह दर्शाता है कि माँ ज्वाला देवी के प्रति आस्था देशभर में व्यापक रूप से फैली हुई है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, नवचंडी पाठ, हवन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आचार्य अजय शास्त्री द्वारा नवचंडी पाठ संपन्न कराया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। अष्टमी (26 मार्च) को शाम 5 बजे पूजन एवं हवन कार्यक्रम आयोजित होगा, जबकि नवमी (27 मार्च) को दोपहर 2 बजे पूजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे मौन आसन का आयोजन होगा, जिसमें पुजारी जी द्वारा भक्तों को मनोकामना पूर्ति हेतु विशेष भेंट प्रदान की जाएगी। इसके पश्चात पुजारी जी द्वारा सवा किलो जलते हुए खप्पर के साथ हवन कुंड की परिक्रमा की जाएगी, जो इस मंदिर की विशेष धार्मिक परंपरा मानी जाती है। इसी क्रम में शाम 5 बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान कलश स्थापित करने वाली माताओं-बहनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

